तापमान

अधिकतम 39 .8 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
**रोहतक**, बुधवार, 28 मई, 2025

12 जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए अफसरों को दिए निर्देश



12 खेतों में चारा लेने गई महिला की करंट लगने से मौत



# युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा, सेना के जवानों का बढ़ाया उत्साह

## पूर्व विधायक सैनी बोले, सेना के पराक्रम से हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में निकाली गई यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शहजादपुर

देश के सैन्य बलों द्वारा हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में कड़ासन मंडल में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किया। मोटरसाइकिलों पर सवार युवाओं व अन्य लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारे लगाए और पूरे क्षेत्र को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत गांव पतरेहड़ी में शहीद नरेश कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। यात्रा का समापन गांव कोडवा खुर्द में शहीद सिपाही जोगिन्द्र सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व सिरोपा पहनाकर किया गया। तिरंगा यात्रा गांव पतरेहड़ी, कडासन, मघरपुरा, कलालमाजरा, रच्छेड़ी, पिलखनी गांवों से होते हुए कोडवा खुर्द में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं व अन्य लोगों ने भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, शहीद सेनानी अमर रहे जैसे नारे लगाये जिससे गगन गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन हमारी सेना की ताकत, रणनीति और साहस का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हमारे वीर जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए एक और मिसाल कायम की है। हमारे सुरक्षाबलों ने जिस साहस और रणनीति से सिंदूर ऑपरेशन को सफल बनाया, वह देश के लिए गौरव की बात है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम वीर जवानों को नमन करते हैं। युवाओं में इस ऑपरेशन को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

सैनी ने कहा कि तिरंगा यात्रा ने हमें यह याद दिलाया कि देश के लिए कुछ करने का जज्बा हमेशा जीवित रहना चाहिए। हमारे सैनिकों का पराक्रम हमें सुरक्षित रखता है। हम उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। यह यात्रा हमारी एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन कर भारतीय सेना का आभार जताया जा रहा है। तिरंगा यात्राओं से जनता में राष्ट्र भक्ति की भावना जगती है। यात्रा में भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरजिंद्र पाल, मंडल महामंत्री मोहित शर्मा व राहुल अग्रवाल, राकेश बिंदल, रामबीर प्रजापति, पवन, सुनील, अशोक, जंगबहादुर, सुनील, रामचंद्र सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, तथा युवा शामिल हुए।



**शहजादपुर।** तिरंगा यात्रा के साथ बाइक पर सवार पूर्व विधायक व अन्य।

## खबर संक्षेप

### चरस बरामदगी में एक और आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** एंटी नारकोटिक सेल टीम ने चरस बरामदगी में एक और आरोपी आरोपी रवींद्र उर्फ मुखिया निवासी कैराना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही 19 फरवरी को तीन आरोपियो. विक्रम पुत्र पालाराम, देवेंद्र पुत्र कृष्ण, तथा रामकरण पूरी पुत्र ईश्वर को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके कब्जे से 714 ग्राम चरस बरामद हुई थी। आरोपियों ने खुलासा किया था कि यह नशे की खेप रवींद्र उर्फ मुखिया से खरीदी गई थी, जिसे वह बाहर से लेकर आया था। इसी कड़ी में आज रवींद्र उर्फ मुखिया को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोपी पकड़ा



**बापौली।** थाना सनौली पुलिस ने गढ़ी बेसिक गांव में मिस्त्री की दुकान पर बाइक ठीक करवाने गए नंगला पार गांव निवासी प्रदीप की गर्दन में पेचकश घोपकर जानलेवा हमला करने के आरोपी उमर अब्दुला उर्फ अमर बिहारी को सोमवार देर शाम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गढ़ी बेसिक गांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी उमर अब्दुला को आज न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### अंसल सुशांत सिटी ने खुद को किया दिवालिया घोषित

**पानीपत।** सेक्टर 13-17 स्थित अंसल सुशांत सिटी ने खुद को दिवालिया घोषित कर लिया है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी के भारी भरकम जुर्माने 4 करोड़ से अधिक से बचने के लिए बिल्डर ने यह हथकंडा आजमाया है। जुर्माना लगातार बढ़ता जा रहा है। अनेक बार सख्त आदेश जारी हो चुके हैं बावजूद बिल्डर इन आदेशों को दरकिनार कर रहा है। बता दें कि करीब एक साल पहले जांच कमेटी में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हरियाणा स्टेट प्रदूषण कंट्रोल जिले के एडीसीए की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण में बिल्डर की अनेकों खामियों को पकड़ा गया था और कड़ा जुर्माना लगाया।

### बुआना लाखू के सरपंच को सुप्रीम कोर्ट से राहत



गांव बुआना लाखू का मोहित सरपंच का विजेता घोषित सार्टिफिकेट दिखाते हुए।

**इसराना।** ब्लाक इसराना के गांव बुआना लाखू में सरपंची की चौधर की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है। जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आज पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने इस पर सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रख लिया जो कभी भी आ सकता है। ल्लेखनीय यह है कि गांव बुआना लाखू में नवम्बर 2022 को हुए सरपंच चुनाव में मतगणना में चुक हो गई। सरपंच घोषित तो मोहित को कर दिया पर सरपंच का विजेता प्रमाण पत्र कुलदीप को दे दिया। बाद में ग्रामीणों ने विरोध किया दुबारा से मतगणना हुई ओर मोहित को विजेता प्रमाण पत्र दिया।

### युवती को रेलवे में नौकरी लगवाने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना राजौंद क्षेत्र में एक युवती को रेलवे में नौकरी लगवाने के मामले की जांच थाना राजौंद पुलिस के एसआई रमेश चंद्र की टीम द्वारा आरोपी अलेवा जिला जींद निवासी रामनिवास को काबू कर लिया। सेरधा निवासी राजेश कुमार कि शिकायत अनुसार अलेवा जिला जींद निवासी रामनिवास कैंचुआ खाद बनाने का बिजनेस करता है।

## विधायक ने बिजली व पानी के मुद्दे पर प्रशासनिक अधिकारियों को घेरा

# अंबाला में गंभीर जलसंकट, जलाशयों में बचा कुछ दिन का पानी : निर्मल सिंह

### बोले, संकट बढ़ा तो जनता के साथ सड़कों पर उतरेंगे

- विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि अंबाला शहर इन दिनों एक असाधारण जल संकट की गिरफ्त में है। केवल आपूर्ति की कमी नहीं बल्कि प्रशासनिक असंवेदनशीलता, योजनागत विफलता और राजनीतिक उपेक्षा का समेकित परिणाम प्रतीत होता है।

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले तीनों जलाशय (वाटर टैंक) अपनी कुल क्षमता का महज़ दस से पंद्रह प्रतिशत जल ही संचित कर पा रहे हैं। पीने योग्य जल की आपूर्ति लगभग ठप है। अगली तीन से चार रातें अंबाला शहर के नागरिकों के लिए एक संघर्षकाल साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा की जल आपूर्ति केंद्रों की वास्तविकता भयावह रूप में सामने आई खड़ी है। भाखड़ा नहर से जल नहीं आ पा रहा। ईस्माइलपुर ब्रांच जहां से अंबाला को पानी की मुख्य आपूर्ति होती है वहां तूफ़ान के कारण विद्युत अवरोध उत्पन्न हुआ है। लगातार बिजली के कटाव के चलते पंप हाउस निष्क्रिय पड़े हैं। फलस्वरूप, टैंकों में जल भरने की प्रक्रिया रुक गई है। जो थोड़ा-बहुत जल पहुंच रहा है, वह सीधे फिल्ट्रेशन संयंत्र में डाला जा रहा है ताकि न्यूनतम आपूर्ति की जा सके। लेकिन यह आपूर्ति न पर्याप्त है न ही टिकाउ। विधायक ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय इस परियोजना को कार्यान्वित किया गया था। खुदाई का कार्य भी प्रारंभ हुआ था। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार ने न केवल इस योजना को रोक दिया, बल्कि उसके महत्व को भी नकार दिया। नतीजा अंबाला जैसे ज़िले, जहां पानी की आवश्यकता औद्योगिक, शहरी और ग्रामीण तीनों ही स्तरों पर चरम पर है। सूखते टैंकों और जलविहीन नलों की मार सह रहा है। उसके बिना पंप हाउस चल रहे हैं। जब बिजली नहीं होगी, तो पानी कहां से आएगा। उन्होंने इस संकट को प्रशासनिक नाकामी और भाजपा सरकार की लापरवाही बताते हुए कहा कि यदि शीघ्र समाधान न हुआ तो जनता के साथ वे स्वयं सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने जल एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की अकर्मण्यता पर भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि शासन को अब शक्ति से कार्रवाई करनी चाहिए।



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते विधायक निर्मल सिंह।

#### बिजली भी समस्या

नागरिक परेशान

पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने आक्रोश के स्वर में कहा कि बिजली और पानी दोनों बुनियादी ज़रूरतें अब विलासिता बनती जा रही हैं। उन्होंने कहा"बिजली मंत्री अंबाला से हैं। उन्हें तुरंत इस विषय पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तुरंत निर्देश देने चाहिए बिजली की किल्लत न हो। अगर बिजली की किल्लत के चलते अंबाला शहर के नागरिकों को पानी न मिले तो बहुत ही शर्म की बात होगी।

## देवर की हत्या के आरोप में भाभी व नौकर को उम्रकैद

- आरोपियों पर लगाया दस-दस हजार रुपये का जुर्माना
- जमीन के लालच में 25 वर्षीय देवर की कर दी थी हत्या



हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नौकर के साथ मिलकर महिला द्वारा अपने देवर की हत्या करने के मामले में अदालत ने आरोपियों को उम्रकैद की सजा व दस दस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। आरोपी महिला ने जमीन के लालच में नौकर के साथ मिलकर 25 वर्षीय देवर की हत्या कर दी थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने उक्त निर्णय सुनाया है।

27 जनवरी 2023 को बिलासपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि भमनौली गांव के नजदीक सोमनदी के पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के लिए लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में मृतक की शिनाख्त भमनौली निवासी 25 वर्षीय कुलदीप के रूप में हुई थी। पुलिस ने उस समय अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच की। जांच में पुलिस ने मृतक की भाभी बबीता को शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी बबीता ने अपने देवर कुलदीप की हत्या करने का जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसका देवर अविवाहित था। उसके देवर ने अपनी जमीन उसे ठेके पर दी हुई थी। इस जमीन हड़पने के लालच में उसने अपने नौकर रिशिपाल के साथ मिलकर योजना के तहत गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को सोमनदी के पुल के नीचे फैंक दिया। ताकि लोगों को कुलदीप की मौत हादसे में होने की लगे। मामले का खुल्लासा होने पर पुलिस ने महिला बबीता व नौकर रिशिपाल के खिलाफ उस समय हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया था। मामले की सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने आज आरोपी बीबता व रिशिपाल को दोषी पाए जाने पर उम्रकैद व दस दस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

## महिला चिकित्सक से सफाई कर्मचारी ने की छेड़छाड़

- माफी मांगने के बाद समझौता, अब सफाई कर्मचारी की नौकरी से छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर तैनात प्राइवेट सफाई कर्मी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक महिला डाक्टर के साथ छेड़छाड़ कर दी। आरोप है कि जब डॉक्टर और उनके पति ने इसका विरोध किया तो सफाई कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी।

पुलिस आने की सूचना मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट के बाद आरोपी लड़कों तक पहुंचने के लिए जीआरपी ने सफाई सुपरवाइजर को पूछताछ के लिए बुलाया। इसके आधार पर ही जीआरपी ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया। महिला और उनके पति को जीआरपी थाने बुलाया। यहां उन्होंने मारपीट और छेड़छाड़ करने वाले युवकों की पहचान की। हालांकि इसके बाद मारपीट करने वाले युवकों ने महिला डाक्टर व उनके पति से माफी मांग ली। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। छेड़छाड़ करने वाले युवक को नौकरी से भी निकाल दिया गया है। उन्होंने स्टेशन पर सफाई व्यवस्था में लगे सभी कर्मचारियों की शिनाख्त करवाई थी हालांकि इस दौरान छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले युवक इनमें नहीं मिले तो उसने सुरक्षा कर्मी को उनके मोबाइल नंबर दे दिए।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** गांव जैतपुर निवासी इकराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई अपने दोस्त राहुल के साथ बाइक पर किसी काम से गया था। जब वह गांव गुलाबगढ़ के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई व राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बदमाश ने शराब ठेके के बाहर बरसाई गोलियां

- शराब के ठेके का शीशा टूटकर हुआ चकनाचूर, खोल बरामद
- 12 राउंड फायरिंग कर फरार बदमाश, जानी नुकसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर के गोविंदपुरी रोड पर जेके रेजिडेंसी होटल के पास स्थित शराब के ठेके पर मंगलवार सुबह नकाबपोश बदमाश ने 12 राउंड फायर किए। गोलियां दागने से पहले बदमाश शराब के ठेके के अंदर गया और शराब की बोतलें देखने के बाद जेब से कुछ पर्चियां अंदर गिराई। इसके बाद बाहर आकर गोलियां दागनी शुरू कर दी।

हालांकि इस दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। गोलियां लगने से शराब के ठेके का शीशा टूट कर चकनाचूर हो गया। घटना के समय ठेके पर केवल दो सेल्समैन मौजूद थे। पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ठेके पर काम करने वाले सेल्समेन गिरीश चंद्र ने बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे वह एक अन्य कर्मचारी के साथ ठेके पर मौजूद था। इस दौरान एक युवक ठेके के अंदर आया। आरोपी ने अपना मुंह पूरी तरह से कपड़े से कवर किया हुआ था। आरोपी ने आते ही शराब की बोतलों को देखना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी ने अपनी जेब से कुछ पर्चियां निकाल कर ठेके के अंदर फेंक दी और बिना कुछ सामान लिए बाहर चला गया। आरोपी ने बाहर जाते ही ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। उन्होंने छिपकर अपनी जान बचाई। आरोपी ने ठेके पर करीब 12 राउंड फायर किए। लोगों को आता देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। गालियां चलने की सूचना मिलते ही डीएसपी हेड क्वार्टर कमलजीत सिंह, सिटी थाना प्रभारी सतीश कुमार व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से आरोपी द्वारा गिराई गई पर्चियां व गोलियों के खोल बरामद किए। जांच के दौरान ठेके के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा खराब मिला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




**यमुनानगर।** शराब के ठेके पर हुई फायरिंग के मामले में जांच करती पुलिस।

### ऑनर्स कोर्स में 20 सीटें निर्धारित, दाखिले की प्रक्रिया एक जून से

# आईआईएचएस में 13 विषयों में ऑनर्स कोर्स शुरू

- बीए प्रथम वर्ष के लिए 400 सीटों का निर्धारण किया : पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 स्कीम-सी के तहत 4 वर्षीय 13 स्नातक ऑनर्स कोर्स इस सत्र से शुरू किए जाएंगे।

आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत इसी सत्र से बीएससी विद मेजर इन बॉटनी, बीएससी विद मेजर इन बायोकेमिस्ट्री, बीएससी विद मेजर इन केमिस्ट्री, बीएससी विद मेजर इन फिजिक्स, बीएससी विद मेजर इन गणित, बीएससी विद मेजर इन जूलॉजी, बीएससी विद मेजर इन कंप्यूटर साइंस, बीए विद मेजर इन संस्कृत, बीए विद मेजर इन अंग्रेजी, बीए विद मेजर इन हिंदी, बीए विद मेजर इन इतिहास, बीए विद मेजर इन इकोनॉमिक्स तथा बीए विद मेजर इन साइकोलॉजी कोर्सिज में इस सत्र से आनर्स शुरू की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) संस्थान की स्थापना आनर्स कोर्सिज के लिए की गई थी। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसी सत्र से आनर्स पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक आनर्स कोर्स में 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसके लिए दाखिले की प्रक्रिया 1 जून से शुरू होगी। आनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित की गई है। आनर्स कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी 13 विषयों में विषय विशेषज्ञता के माध्यम से कौशलता हासिल करेंगे।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष के लिए 400 सीटों का निर्धारण किया गया है जबकि बीएससी लाइफ साइंसिज में 120 सीटें निर्धारित की गई हैं। बीएससी फिजिकल सांइसिज में 300 सीटें, एमएससी फाइव इयर इंटिग्रेटिड इन बायोटेक्नोलॉजी में 20 सीटें, फाइव ईयर इंटिग्रेटिड एमएससी ऑनर्स अर्थशास्त्र में 20 सीटे, बीसीए के लिए 100 सीटें, बीकॉम के लिए 120 सीटें, बैचलर आफ टूरिज्म एवं ट्रैवल मैनेजमेंट के लिए 45 सीटें तथा बीएससी होम साइंस के लिए इस सत्र में 40 सीटे निर्धारित की गई हैं।

#### बीए डिग्री विद् भगवद् गीता स्टडीज इसी वर्ष से

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस संस्थान में बीए डिग्री विद् भगवद् गीता स्टडीज को शुरू किया जाएगा जिसमें भगवद् गीता को एक विषय के तौर पर पढ़ाया जाएगा। गौरतलब है कि इस कड़ी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जिओ गीता संस्थान के साथ गीता के प्रचार-प्रसार व छात्रों को गीता के प्रति जागरूक करने के लिए एमओयू भी किया जा चुका है। इसके तहत विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के माध्यम से पीजी डिप्लोमा इन भगवद् गीता स्टडीज एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किया जा चुका है। इसके साथ बीए डिग्री विद् भगवद् गीता स्टडीज को इसी सत्र से शुरू किया जा रहा है जो विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों के विकास में सहायक सिद्ध होगा।



प्राचार्या प्रो. रीटा

#### जियोफिजिक्स कोर्स

स्नातक स्तर पर जियोफिजिक्स कोर्स हरियाणा में पहली बार

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि आईआईएचएस संस्थान में स्नातक स्तर पर पूरे हरियाणा में जियोफिजिक्स विषय को पहली बार शुरू किया जा रहा है। इसके लिए 20 सीटे निर्धारित की गई हैं। इससे पूर्व हरियाणा के किसी भी कॉलेज/संस्थान में स्नातक स्तर पर जियोफिजिक्स विषय को नहीं पढ़ाया जाता है।

## करनाल विधायक ने सीएम से की विकास कार्यों पर चर्चा

- जनता के लिए काम करना उनकी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर में मुलाकात की और करनाल विधानसभा क्षेत्र में प्रगति पर चल रहे विकास कार्यों तथा भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

विधायक आनंद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पूर्ण विश्वास दिलाया कि करनाल के सर्वांगीण विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और करनाल विधानसभा क्षेत्र पहले की तरह ही सीएम सिटी के समान ही सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेगा। विधायक आनंद ने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया और कहा कि जनता के लिए काम करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता की समस्याओं को सुनना व उनका समाधान करना उनका पहला दायित्व है। विकास के कार्यों को चेक किया जा रहा है तथा संबंधित अधिकारियों को लगातार विकास कार्यों से संबंधित बातचीत की जाती है।



सीएम नायब सिंह सैनी से मिलते करनाल के विधायक जगमोहन आनंद।

## खबर संक्षेप

### अवैध कनेक्शन को जल्द करवाएं वैध: निगमायुक्त

करनाल। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा है कि जिन व्यक्तियों ने नगर निगम की अनुमति के बिना जलापूर्ति व सीवरेज के अवैध कनेक्शन लिए हैं, वह उन्हें जल्द से जल्द वैध करवा लें। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन लेने वाले नागरिक निर्धारित फीस व दस्तावेज जमा करवाकर अपने कनेक्शन को वैध करवा सकते हैं। इसके लिए वह सोमवार से शुक्रवार, प्रातः 9 बजे से बाद दोहपर 3 बजे तक नगर निगम कार्यालय में आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों ने कनेक्शन लिए हुए हैं, परंतु मीटर नहीं लगवाएं हैं, वह भी अपने मीटर अवश्य लगवा लें, ताकि उनका बिल मीटर रिडिंग के अनुसार भेजा जा सके।



### जरूरतमंद बेटी को दिनेश बक्शी ने प्लेटलेट्स दिए

करनाल। लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने एक बार फिर अपने प्लेटलेट्स दान कर एक मरीज की जान बचाई। दिनेश बक्शी को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ओर अस्पताल से फोन आया कि मेरी बिटिया जिसकी उम्र 25 साल है और उसके प्लेटलेट्स 4000 रह गए है उसे तुरंत प्लेटलेट्स देने होंगे में कई डोनर को फोन कर चुका लेकिन कुदरती कुछ बना नहीं अब बड़ी उम्मीद से आपको फोन किया है दिनेश बक्शी ने बिना देर किए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचकर सी बी सी करवाकर प्लेटलेट्स का प्रोसेस पूरा किया अभी 5 दिन पहले 21 मई को भी दिनेश बक्शी ने प्लेटलेट्स दान किए थे। दिनेश बक्शी ने युवाओं से आग्रह किया डरे नहीं रक्तदान ओर एसडीपी डोनेट करते रहे इससे किसी की जान बचाने के साथ आप अपना स्वास्थ्य भी सही रख सकते है।

### भगवानदास कबीरपंथी ने समस्याओं को हल करवाने का दिया आश्वासन

# विधायक ने राइस मिलर्स के साथ बैठक कर सुनी सबकी समस्याएं

बैठक की अध्यक्षता राइस मिलर्स एसोसिएशन के महासचिव राकेश हंस ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी




तरावड़ी। बैठक में भाग लेते विधायक भगवानदास कबीरपंथी व राइस मिलर्स। फोटो: हरिभूमि

विधायक भगवानदास कबीरपंथी कुडक में स्थित केएस एग्रो एक्सपोर्ट प्राईवेट लिमिटेड में राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक मे पहुंचे। राइस मिल में पहुंचने डबल चाबी बासमती चावल के निर्माता बृज भूषण गोयल, आशु गोयल, पुष्कर गोयल, जीवी राइस मिल के सीएमडी विनीत बंसल, एस.आर ओवरसीज के मालिक संजय सिंगला, जीडी ओवरसीज के सीएमडी तिलक राज मक्कड़, श्रीराम फूड्स से प्रमोद सिंगला, श्री राम राइस यूनिट से रविन्द्र सिंगला ने विधायक भगवानदास कबीरपंथी का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में पहले विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में साथ देने के लिए सभी राइस मिलर्स का धन्यवाद किया। इस मौके पर राइस मिलर व चावल एक्सपोर्टरों ने विधायक के समक्ष कई मांगें रखी। जिसमें मुख्य रूप से बिजली की समस्या, बाहर खड़ी गाडियों में चोरी की वारदातों की समस्या के अलावा तरावड़ी से लेकर कुडक तक रोड़ पर एक भी स्ट्रीट लाईट ना होने की समस्या भी रखी। मौके पर विधायक ने बिजली विभाग के एसडीओ को बिजली व्यवस्था दुरस्त करने के आदेश देने के साथ-साथ पुलिस विभाग को भी उक्त रोड पर गश्त बढ़ाने के आदेश दिए। वहीं तरावड़ी से कुडक तक स्ट्रीट लाईट लगने का विधायक ने आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि तरावड़ी शहर को चावलों का हब कहा जाता है तथा बासमती चावलों के कारण ही शहर को वैश्विक स्तर पर एक पहचान मिली है। आज हमारे शहर के चावल एक्सपोर्टरों के विदेशों में काउंटर खुले है जो बड़े ही गर्व की बात है। वहीं चावल व्यापार से जहां हमारी विदेशी मुद्रा में वृद्धि होती है वहीं इससे सरकार को भी करोड़ों रुपए टैक्स के रूप में मिलते है। इसलिए आप लोगों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर आप लोगों की सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता राइस मिलर्स एसोसिएशन के महासचिव राकेश हंस ने की। इस मौके पर पी सी राइस मिल के रूशिल गुप्ता, जानकी दास राइस मिल के राजेश सिंगला, मुस्कान ओवरसीज के मुनीश गुप्ता, एस.एस. राइस मिल के मुकेश हंस, कुबेर फूड्स से राजीव नारंग, जय भारत से सन्नी गर्ग, तिरुपति राइस एक्सपोर्ट से रविन्द्र सिंगला, जी वी राइस एक्सपोर्ट से चुनीत बंसल, अक्षत गोयल के अलावा कई राइस मिलर्स उपस्थित थे।



## मंत्री और सांसद ने विधानसभा अध्यक्ष की चाची के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम, अंबाला से सांसद वरूण चौधरी, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, विधायक रणधीर पनिहार व विधायक सतीश फागना ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की चाची गुरुबचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। बता दें कि स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी का निधन 19 मई को हो गया था। स्वर्गीय श्रीमती गुरुबचनी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 30 मई को अनमोल गार्डन में दोपहर 1 बजे से लेकर 2 बजे किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, विकास एवं पंचायत व खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार, हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, हिसार से सांसद जय प्रकाश, थानेसर से विधायक अशोक अरोड़ा, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, विधायक परमवीर सिंह, विधायक विकास सहारण, विधायक आफताब अहमद, विधायक तेजपाल तंवर, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा सहित अन्य मंत्रीगणों, सांसदों, गणमान्य लोगों व प्रशासनिक अधिकारियों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय श्री रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरुबचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

# एंटी करप्शन फाउंडेशन ने टॉप लीडर्स को किया सम्मानित

- भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में टॉप लीडर्स एवं न्यू फैमिली मेंबर्स मीट का भव्य आयोजन किया गया जिसमें करनाल के टॉप लीडर्स को भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर टॉप लीडर्स का फुल मालाएं पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन लगातार पिछले आठ वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन द्वारा सम्पूर्ण भारतवर्ष में करप्शन फ्री इंडिया अभियान एवं इंटेग्रिटी प्लेज अभियान चलाया जा रहा है जिससे देश का आवाम जागरूक हो रहा है। इस अवसर पर टॉप लीडर्स अवॉर्ड से पवन शर्मा, सुदर्शन कंसल, खुर्शीद आलम, सुमित ललित, आशीष मलिक, डॉ सुषमा पंवार, नितिन कुमार गोयल, इंस्पेक्टर सतपाल सिंह, प्रियंका गोयल, रेनू शर्मा, एन डी गोयल, डॉ नरेंद्र सिंह, पूजा गोयल, तरुण बत्रा, अजीत कुमार, विनोद कुमार, विक्रमजीत सिंह, राजीव गोयल, डॉ राम कुमार, रविन्द्र कुमार, रमेश कुमार, संजीव कुमार, अनिल कुमार, सबनूर, अलजहीन आदि को सम्मानित किया गया।

# महाराणा प्रताप का जीवन साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण : योगेंद्र

- करनाल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं एवं जिला बार एसोसिएशन से भेंट कर राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल। विधायक योगेन्द्र राणा का स्वागत करते जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो: हरिभूमि

असंध विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेन्द्र राणा आज मंगलवार को करनाल कोर्ट परिसर पहुंचे, जहाँ उन्होंने अधिवक्ताओं एवं जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों से भेंट कर उन्हें 29 मई को सालवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह में सादर आमंत्रित किया।

समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह समारोह न केवल ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति, स्वाभिमान और संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाने का माध्यम भी बनेगा। विधायक राणा के करनाल कोर्ट परिसर आगमन पर जिला बार एसोसिएशन ने उनका भव्य स्वागत किया। फूल मालाओं, तालियों और गर्मजोशी भरे अभिवादन के साथ वकीलों ने उन्हें सम्मानित किया। वकीलों ने विधायक के समाज सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। विधायक योगेन्द्र राणा ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उनकी जयंती न केवल एक उत्सव है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। इस अवसर पर राजपूत सभा के जिलाध्यक्ष डॉ एनपी सिंह, एसोसिएशन के प्रधान सुरजीत सिंह मधान, राजकुमार चौहान, नितिन भारद्वाज, नवीन कुमार राणा, संगीता, सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



## विधायक जगमोहन आनंद ने कैंप कार्यालय पर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को सैक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को एक-एक करके सुना व मौके पर ही समस्याओं का समाधान करवाया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ- सबका विकास - सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है।

### प्रधानाचार्यों के लिए वर्कशॉप आयोजित

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को स्थानीय राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन का स्कूल में पहुंचने पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्कूल के प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ ने बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल के प्रांगण में प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजेएम इरम हसन ने की।



करनाल। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

करनाल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोघड़ीपुर के विद्यार्थियों द्वारा 10, 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा ओर पूर्व सरपंच रविंद्र शर्मा ने विशेष तौर पर शिरकत की। समरोह में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्या अनुराधा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफल होने का कोई शॉर्टकट नहीं होता, सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। जो विद्यार्थी कठिन मेहनत करेगा, वो यकीकन सफल होगा। स्कूल प्रिंसिपल अनुराधा ने बताया कि स्कूल में परीक्षा परिणाम काफी बेहतर आया है, जो दर्शाता है कि स्कूल के अध्यापकों ओर बच्चों ने काफी मेहनत की है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे आगे भी इसी प्रकार मेहनत करें ओर जीवन की उंचाईयों को छुंए। मौके पर प्राध्यापक जोगिंद्र सिंह स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने पंचायती राज तंत्र को नुकसान पहुंचाया : सुनील पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष फ़ॉमलाल द्वारा करनाल में किया गया। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस बैठक में सर्वप्रथम देश के पहले प्रधानमंत्री स्व जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। डॉ सुनील पंवार ने बताया कि सबसे पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश में पंचायती राज व्यवस्था की नीव रखी उन्होंने बताया कि आज वर्तमान सरकार ने पूरे प्रदेश में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के पास उनके संवैधानिक अधिकार नहीं छोड़े। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी ने पिछले 3 महीनों में किए गए कार्य व आगामी 3 महीनों में होने वाले कार्यों के बारे चर्चा की गई। इस मौके पर संगठन के हरियाणा प्रभारी मोहन डागर और तृप्ता ठाकुर ने प्रदेश कार्यकारिणी को दूसरे जिलों के प्रभार की जिम्मेवारी दी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष फोम लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल चौहान, उपाध्यक्ष सुभाष कुमार, उपाध्यक्ष विजेंद्र नरवाल, उपाध्यक्ष सज्जन गैबीपुर ने भी बैठक को संबोधित किया। इस बैठक में राजेश श्योकंद, कमलेश राय, रीना वाल्मीकि, कृष्ण सरपंच, यशपाल अहलावत आदि रहे।

### राष्ट्रगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया

करनाल। भारत विकास परिषद के संस्कार संकल्प के अनुरूप श्री राधाकृष्ण शाखा द्वारा श्री गोविंद निलमय आवासीय परिसर अर्जुन गेट में 'गण राष्ट्रगीत प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रकल्प में सेवा भारती छात्रावास के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने राष्ट्र भक्ति के गीत देश हमे देता है सब कुछ से कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस प्रकल्प के प्रमुख दलबीर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश तनेजा ने की। गीत प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सरिता तनेजा, अनिता सिंह व प्रमोद नागपाल ने निभाई। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में 55 छात्रों ने भाग लिया। शाखा की तरफ से सभी बच्चों को स्टेशनरी का सामान दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते विधायक जगमोहन आनंद।

### जिला टेनिस प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

करनाल। करनाल क्लब में आयोजित तीन दिवसीय जिला टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने शानदार खेल कौशल और जोश से सभी का मन मोह लिया। यह प्रतियोगिता 24 मई से 26 मई तक करनाल क्लब में आयोजित की गई थी, जिसमें जिले भर से खिलाड़ियों ने भाग लिया और खेल भावना का परिचय देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रतियोगिता में लड़कियों ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एंजल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल, साना ने उत्कृष्ट रणनीति और तेज तर्रार खेल से गोल्ड मेडल, और आरजू मलिक ने दमदार प्रदर्शन के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इन खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण ने प्रतियोगिता को खास बना दिया। विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिए गए जिनमे जिनमे ब्रॉन्ज विजेता को 5000, सिल्वर विजेता को 7000 और गोल्ड विजेता को 8000 का पुरस्कार मिला। समापन के अवसर पर विजेताओं को मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपस्थितजन ने सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे।

### गीता मॉडर्न स्कूल में आपरेशन सिंदूर के जांबाज सैनिकों को किया सलाम

# जांबाज सैनिकों के सम्मान में किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी




तरावड़ी। विभिन्न कार्यक्रमों मे भाग लेकर बच्चो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों के अदम्य साहस और बहादुरी के सम्मान में किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीय सेना के साहस और बलिदान को परिभाषित करना और राष्ट्रीय प्रहरी बनने का संकल्प लेकर छात्रों में राष्ट्रीय एकता का संदेश भरना रहा। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रधानाचार्या रागिनी राय और हिन्दी अध्यापक राजबीर ने की। सर्वप्रथम दिन को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर वंदे मातरम ,जय हिंद ,जय हिंद की सेना ,जय जवान के नारे लगाए और राष्ट्रीय प्रहरी बनने का संकल्प लिया। दूसरे दिन को बच्चों ने पहलगाम को लेकर भारतीय सेना की वीरता और उत्साह को दर्शाते हुए मधुर ध्वनि में कविताएं और मंच नाटक प्रस्तुत किए। तीसरे दिन को भारतीय सेना की बहादुरी और जोश को दर्शाते हुए बच्चों ने सुंदर पोस्टर , चार्ट और पेंटिंग बनाकर सभी का मन मोह लिया। चौथे दिन के कार्यक्रम मे कक्षा छठी से 12वीं तक के बच्चों ने अपने कर -कमलो द्वारा विद्यालय प्रांगण में भारतीय सेना के पराक्रम को दर्शाती हुई सुंदर रंगोली बनाई।

### सेना के अदम्य साहस को सराहा

विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी राय ने अपने उद्बोधन में सेना के अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने आतंकवाद के खिलाफ जिस प्रकार से अपने प्राणों की आहुति दी है, वह देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह कार्यक्रम हमारी ओर से उन्हें श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिए छोटा सा प्रयास है।

उन्होंने विद्यालय में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निर्देशक सुरेश चंद, प्राध्यापिका कर्मजीत कौर, राजवीर, डिंपल त्रिपाठी, प्रियंका, विशांत एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप



### झोपड़ी वाले बच्चों को कराया बरिस्ता में भोजन

**पानीपत।** गर्मी को देखते हुए आसरा फाउंडेशन के मेंबर ने झोपड़ी वाले बच्चों को मस्ती कराई। आसरा फाउंडेशन बच्चों को डे आउट पर ले गया और खूब मस्ती की। बच्चों को अंसल स्थित बरिस्ता जोह कैफे पर ले जाया गया। वहां पर सभी बच्चों को स्वादिष्ट खाना खिलाया साथ ही सभी बच्चों के साथ ढेर सारी गेम्स खेली। वहीं सभी विजेताओं को गिफ्ट भी दिए गए और सभी बच्चों को घर के लिए थोड़ा खाने पीने का सामान भी दिया। आसरा फाउंडेशन ने अमनप्रीत, दीपक आहूजा और बरिस्ता की पूरी टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर आसरा फाउंडेशन से अन्वी शिंगला, राघव अरोड़ा, ध्रुव बजाज, ध्रुव गांधी और टिया जैन मौजूद रहे।

### पुलिस कर्मचारियों की कल्याण गोष्ठी का आयोजन

**पानीपत।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने उपमंडल अधिकारी सनौली रोड सब डिवीजन के कर्मचारियों के प्रति खराब रवैया के खिलाफ उनके कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जितेंद्र वर्मा ने की व संचालन सचिव विनोद ने किया। सब यूनिट प्रधान ने कहा कि उपमंडल अधिकारी कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के लिए कर्मचारियों के बार-बार काम के आदेश बदल रही है, जिससे निगम का कार्य बाधित हो रहा है और कर्मचारी पर प्रताड़ित हो रहे हैं। राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि उप मंडल अधिकारी विभाग को चूना लगा रही है। यूनियन मांग करती है कि उनके समय के सभी स्पेशल एस्टीमेट की जांच हो। अगर समय रहते उपमंडल अधिकारी ने कर्मचारियों का उत्पीडऩ बंद नहीं किया तो यूनियन इस आंदोलन को तेज करेगी।

### पूछताछ में चोरी की 22 वारदातों का खुलासा किया गया

# घरों से चोरी व दो पहिया वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

### दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीआईए श्री पुलिस टीम ने घरों व सार्वजनिक स्थान से चोरी व दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफो ड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इनसे से चोरी की 22 वारदातों का खुलासा हुआ है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने आज जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पत्रकारों को बताया कि सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय की टीम ने सोमवार देर शाम सूचना के आधार पर एक स्पलेंडर बाइक पर सवार संदिग्ध किस्म के दो युवकों को सेक्टर 25 में हनुमान चौक के पास से हिरासत में लिया। पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान रवि उर्फ दानेदार निवासी चकिया शीतलपुर परसोनी मोतिहार बिहार हाल पूरेवाल कॉलोनी व शिवा उर्फ रसगुल्ला निवासी चुलकाना हाल बतरा कॉलोनी के रूप में बताई। पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर बीती 28 मार्च की रात गंगाराम कॉलोनी में एक घर का ताला तोडक़र सोने की एक जोड़ी बाली, चांदी की 3 जोड़ी पाजेब, 10 सिक्के, माथे का टिका, 2 घड़ी, 1 गैस सिलेंडर व 10 हजार रूपए कैश चोरी करना स्वीकारा। जिसके बारे थाना पुराना औद्योगिक में मनीष पुत्र महाबीर निवासी गंगाराम कॉलोनी की शिकायत पर मामला दर्ज है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने थाना चांदनी बाग क्षेत्र के अंतर्गत 8, थाना तहसील कैंप क्षेत्र में 6, थाना माडल टाउन क्षेत्र में 5 व थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में 3 चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदातों बारे संबंधित थाना में अभियोग दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों सोवमार को बाइक पर सवार होकर चोरी की अन्य वारदातों अंजाम देने के लिए फरार अपने 3 अन्य साथी आरोपियों के इंतजार में से खड़े थे। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ वह नशा करने के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो फरार अपने तीन साथी आरोपियों के साथ मिलकर एकाएक कर चोरी की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की वारदातों में प्रयुक्त की गई स्पलेंडर बाइक बरामद कर आज दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस गहनता से पूछताछ करने के साथ चोरी का सामान बरामद करने व वारदात में शामिल फरार आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी।



**पानीपत।** आरोपियों के साथ पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी।

# शनि मंदिर में भंड़ारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सहकारी चीनी मिल कालोनी स्थित भगवान शनि देव मंदिर के प्रांगण में आज भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड 19 के पार्षद की ओर से योगेश शर्मा, पूर्व पार्षद बलराम मकोल, अरुण मोर, सुधीर शर्मा, विष्णु दत्त, राजू, ओमपति, कमलेश, गुरमीत सिंह, सुनील, अशोक कुमार व अंशुल आदि मौजूद रहे। हवन का कार्य पंडित दीनदयाल ने पूर्ण कराया। हवन में भगवान शनि देव एवं भगवान हनुमान जी से सब प्राणियों की खुशहाली और सुख की कामना करते हुए भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शनि देव मंदिर के मुख्य सेवक बिजेंद्र मलिक, अभिनीत व सतपाल संधू आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** पर शनि मंदिर में हवन में आहूति डालते हुए आयोजक । फोटो : हरिभूमि

# सर छोटूराम स्कूल की इषिता ने कबड्डी में भी लूटी वाह वाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सर छोटूराम विद्यालय विकास नगर में कक्षा दस की छात्रा इषिता का आज विद्यालय में कबड्डी में स्कूल का नाम रोशन करने पर सम्मान किया गया। छात्रा इषिता ने कबड्डी स्पर्धा कबड्डी अम्युचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की संघ नागपुर में नेशनल खेल में अपनी टीम सहित प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मान ने बताया कि इषिता एक बहुगुणी विद्यार्थी है जो पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अव्वल है। पिछले वर्ष जून 2024 में इषिता ने स्टेट कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। जिसके चलते इसे नेशनल में भी खेलने का मौका मिला और उसमें भी अपना परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार व खेलों में भी निपुण बनाने का काम किया जाता है।



कबड्डी विजेता छात्रा इषिता को सम्मानित करते प्रधानाचार्या सुनीता मान

# भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर : रणदीप आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि केंद्र की कुशल आर्थिक नीतियों के कारण भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन गया है और तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कहा कि जीवन में हर बच्चे को अनुशासन का पालन करना चाहिए। आर्य समाज अनुशासन और शांति प्रक्रिया की संस्था है। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने वाले व्यक्ति के जीवन में सदा अनुशासन आ जाता है। उन्होंने कहा विद्यार्थी के जीवन का लक्ष्य अनुशासन होता है अनुशासन के पालन में कभी आलस्य नहीं करना चाहिए। शिविराध्यक्ष एवं वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती महाराज ने आर्य समाज की स्थापना संसार के उपकार के लिए की थी। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक प्रवीण आर्य योगाचार्य, आशा अरोड़ा, जय राम आर्य, कर्ण आर्य, दीक्षा आर्य, वंशिका आर्या, इशिका आर्य उपस्थित रहे।



**पानीपत।** अतिथियों को लेकर आते विद्यालय के एनएसएस कडेटैस । फोटो : हरिभूमि

# भाजपा से लोग नाराज 'कांग्रेस में गुटबाजी' अब इनेलो ही विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हथवाला रोड स्थित इनेलो कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी कि अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कुलदीप राठी ने कहा कि इनेलो का गांव, ब्लॉक और वार्ड स्तर पर विस्तार किया जाएगा। वहीं मीडिया से बातचीत करते हुए कुलदीप राठी ने कहा कि सरकार में बैठे मंत्री, विधायक प्रदेश को लूटने में लगे हुए हैं। हरियाणा को कर्जदार बना दिया है और अब यह अपराध स्थल के रूप में जाना जाने लगा है। हरियाणा के लोगों पर कर्ज चढ़ा दिया है।

बिजली समेत जरूरत का सभी सामान का रेट बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा से लोग नाराज हैं और कांग्रेस गुटबाजी का शिकार है। ऐसे में इनेलो ही एकमात्र विकल्प है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के विस्तार में अन्य पार्टियों के हताश और निराशा कार्यकर्ताओं को भी साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्दी घर घर जानकर संगठन का विस्तार करके सरकार के खिलाफ ग्रामीण स्तर तक आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिसकी अगुवाई इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला करेंगे। इसी कड़ी में हर घर झंडा अभियान शुरू किया गया है। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने गांवों और शहरों में घरों, दुकानों और दफ्तरों पर इनेलो के झंडे लगाने शुरू कर दिए हैं। हल्का अध्यक्ष राजेश झटटीपुर ने कहा कि इनेलो का एक कार्यकत्र्ता अन्य पार्टियों के 100 कार्यकर्ताओं के बराबर है। कार्यकत्र्ता मजबूती से पार्टी के साथ लगे हुए हैं। वहीं हल्का अध्यक्ष राजेश झटटीपुर ने हल्का समालखा की कार्यकारिणी की भी घोषणा की। जिसमें वरिष्ठ उपप्रधान गुलशन पहलवान, प्रधान महा सचिव सोनू रूहल, संगठन सचिव बाबू खान, खजाँची सूरजमल गाहल्याण, मिडिया प्रभारी सिकंदर रावल, कार्यालय सचिव तेजपाल रावल आदि को बनाया गया।



**पानीपत।** इनेलो हल्का समालखा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी व हल्काध्यक्ष राजेश झटटीपुर । फोटो : हरिभूमि



पानीपत।आर्य कालेज में आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए वक्ता । फोटो : हरिभूमि

# आर्य कॉलेज में मानसिक जागरूकता विषय पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पी जी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर शिक्षित करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम के मुख्य चिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक डॉ.रवि कुमार ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। जिसमें तनाव प्रबंधन, मुकाबला करने के तरीके और जरूरत पडऩे पर मदद लेने का महत्व शामिल है। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने मुख्य वक्ता का पुष्प गुच्छ एवं समृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए आत्म.देखभाल, सचेतनता और एक सहायक समुदाय के निर्माण का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को यह बताना था कि वे अकेले इन मुद्दों का सामना नहीं कर रहे हैं।

# राष्ट्रीयता और भारतीयता से युक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनी : गोविन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हिंदू शिक्षा समिति द्वारा 25 से 27 मई तक चले प्रांतीय आचार्य सम्मेलन उद्दीप्त का समापन हुआ। आचार्य सम्मेलन के तीसरे व अंतिम दिन हिंदू शिक्षा समिति के महामंत्री संपूर्ण सिंह, मुख्य अतिथि पवन जिंदल क्षेत्र संघचालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विशिष्ट अतिथि डॉ.पंकज शर्मा राष्ट्रीय संयोजक, पूर्व छात्र परिषद, कार्यक्रम की अध्यक्षा आनंद मूर्ति गुरु माँ ऋ षि चैतन्य आश्रम गन्नौर रहे।

मुख्य अतिथि विकास गिरी महाराज, रविंदर अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्या भारती, यतीन्दर शर्मा अखिल भारती सह संगठन मंत्री, बाल किशन, सुरेंदर अत्रि, हरभजन सिंह क्षेत्रीय व प्रांतीय व अन्य गणमान्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आनंद मूर्ति गुरु माँ ने शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्या भारती एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आचार्य का भी सर्वांगीण विकास करती आ रही है यह एक बहुत सुंदर कार्य है।

आचार्य सम्मेलन के संयोजक धनेश कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन में 278 भैया, 853 बहनें, 28 पूर्व छात्र ने प्रबंधक के रूप में कार्यक्रम किया। 52 पूर्व छात्र, 160 मातृ भारती की बहनें, 70 प्रबंध समिति के सदस्य, 4 क्षेत्रीय, 5 अखिल भारतीय अधिकारी, 14 कुलपति, 12 रजिस्टार, 32 पुरस्कृत शिक्षक व 68 लोगों के प्रयास से प्रदर्शनी तैयार की गई। विद्या भारती हरियाणा के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।




**पानीपत।** आचार्य सम्मेलन के समापन पर अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक



**पानीपत।** व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकगण । फोटो : हरिभूमि

### ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शिक्षकों के साथ गुड स्कूल इंडिकेटर्स प्रशिक्षण का आयोजन

पानीपत। ब्रेकथ्रू ने जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से स्काईलार्क होटल में एक व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया। जिसका ध्यान स्कूलों में गुड स्कूल इंडिकेटर्स ढांचे के प्रभावी कार्यान्वयन पर केंद्रित था। जिले भर के 12 स्कूलों के कुल 16 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया। चर्चा के प्रमुख विषयों में शिक्षा में पहुँच और समानता सुनिश्चित करना, छात्रों की भलाई को बढ़ावा देना और स्कूलों के भीतर सकारात्मक शिक्षण माहौल बनाना शामिल था। प्रशिक्षण में चाइल्ड सेफगार्डिंग कमेटी स्टूडेंट काउंसिल और स्कूल प्रबंधन समितियों जैसे संस्थागत तंत्रों की स्थापना और सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अध्यापक राजकुमार, अजेंद्र कुंडू, महेंद्र, जिला प्रबंधक नरेश, ब्रेकथ्रू से नरेश, रुचि, रहनुमा, मुकेश, भारती, कुलदीप व फुरकान आदि मौजूद थे।

### एमजेआर में कराटे विजेताओं का हुआ सम्मान

**पानीपत।** 35वीं हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2025 के विजेताओं को एमजेआर संस्थान के प्रबंधक कंवर रविंद्र सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम से ही आप अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि 35वींहरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन इंडस पब्लिक स्कूल जींद में हुआ था। इसमें पूरे हरियाणा के खिलाडिय़ों ने भाग लिया। कोच मुकेश सरोहा ने बताया कि हमारी एमजेआर कराटे अकैडमी के खिलाडियों ने 4 स्वर्ण, 1 रजत व 2 कांस्य पदक जीते। जिसमें स्वर्ण पदक आशी, पलाक्षा, मन्नत, निर्भय, सुहानी, ने रजत व पूर्वी और वंश ने कांस्य पदक जीता।

## 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जा रहा है

# रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है योग : अशोक अरोड़ा

- योग करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ रही है और लोग स्वस्थ हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा चलाए जा रहे बी ब्लॉक पार्ट 2 अंसल स्प्लेंडर सोसाइटी के सामने पार्क में चलाए जा रहे पांच दिवसीय योग चिकित्सा एवं ज्ञान शिविर का आज समापन हो गया। शिविर में लोगों ने योग के साथ-साथ प्रकृति के साथ जुडऩा, प्रकृति के साथ तालमेल बनाना और प्रकृति के नियमों का पालन करने के बारे जानकारी भी प्राप्त की।

इसके अलावा बगैर दवाई के हम अपने रोगों को प्राकृतिक उपचार, जड़ी बूटियां, घरेलू नुस्खे, एक्यूप्रेशर, हस्त मुद्राएं, द्वारा कैसे ठीक कर सकते हैं की विशेष रूप से जानकारी दी गई। पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया की जिले में लगातार इन शिविरों का आयोजन हो रहा है। योग करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ रही है और लोग स्वस्थ हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले पहले यह शिवर लगातार चलते रहेंगे और एक 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जा रहा है।



योग शिविर में समापन में शिविर में भाग लेने वाले साधक व शिक्षक ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर योग शिक्षिका रेखा सेतिया, एडवोकेट आर डी सैनी, सुमन वधवा, अर्जुन मुखिजा, सुभाष बजाज, जेपी गुलाटी, राजेश ठुकराल, ऋषि गुप्ता, राममेहर कौशिक, कुलभूषण बाली, सतीश बुद्धिराजा, संदीप, संजीव, गिरीश, रामपाल शर्मा, रेखा सेतीया, सुनीता खुराना, सिमरन, वीना चुघ, प्रोमिला, रमेश बाली, सरोज, कांता सचदेवा, सुनीता गर्ग, सरला, प्रीति, ललिता, सुनीता चुघ, कावेरी, मीनू व वाणिका आदि उपस्थित रहे।

### सिम्मी शहरिया ने सीनियर एशियन में कांस्य पदक जीता



**पानीपत।** मॉडल टाउन के प्रवीण नांदल फिटनेस जिम में अभ्यास करने वाली सीमा कुमारी उर्फ सिम्मी शहरिया ने अम्मान जॉर्डन में आयोजित 9वीं एशियाई सिनियर जीजूत्सु चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर भारत देश को गौरवान्वित किया। सिम्मी शहरिया के फिटनेस कोच प्रवीण नांदल ने बताया कि सिम्मी शहरिया पिछले 2 साल से कोच संजीव तोमर की देखरेख में कठोर अभ्यास कर रही है। उन्होंने बताया क सीमा कुमारी उर्फ सम्मी शहरिया मूल रूप से पठानकोट की निवासी है तथा तिरूपति लिमिटेड की स्पॉन्सर खिलाड़ी है। वहीं सिम्मी को सोशल मीडिया के माध्यम से खूब बधाईयां मिल रही हैं। सिम्मी के पानीपत पहुंचने पर उसका भव्य स्वागत किया जाएगा।

**सरपंच, ग्राम पंचायत करहन्स**
**खण्ड समालखा जिला पानीपत (हरियाणा)**
**सरपंच: श्रीमती सुखबीरी देवी**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करहन्स निम्न कार्य करवाना चाहती है जो इस प्रकार हैं।

(1) पुल से लेकर पूर्ण सिंह के घर तक गली व नाली मरम्मत करवानी है।

(2) राजपाल के घर से लेकर कौरे के घर तक गली व नाली मरम्मत करवानी है।

(3) कृष्ण के घर से लेकर भीमे के घर तक गली व नाली मरम्मत करवानी है।

उक्त कार्य लेबर रेट पर करने हेतु इच्छुक फर्म सोसाइटी अपनी कौटेशन सरपंच ग्राम पंचायत करहसे के पास 02-06-2025 तक जमा करवाएं ।

**हस्ता/-सरपंच,**
**ग्राम पंचायत करहन्स**
**खंड समालखा, पानीपत**

**न्यायालय जनाब उपमण्डल अधिकारी (ना.) एवं कलैक्टर ईसराना, जिला पानीपत**

अनुवान
1. बीर सिंह, 2. शेर सिंह, 3. सुभाष, 4. कुलदीप, 5. करनैल 6. अजीत सिंह पुत्रान टोडर पुत्र थाम्बु, 7. राजेश, 8. राकेश पुत्रान जयसिंह पुत्र टोडर सभी निवासीगण ग्राम चमराड़ा तहसील इसराना जिला पानीपत। **प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. आम जनता, **उत्तरवादीगण**
2. विजय पाल पुत्र धूप सिंह, 3. निर्मला पुत्री धूप सिंह पुत्र पृथी, 4. बिजेन्द्र, 5. सुखबीर पुत्रगण वेदपाल, 6. कान्ता विधवा हवा सिंह, 7. संगम पुत्र हवा सिंह, 8. अमन पुत्र हवा सिंह, 9. रतनी देवी विधवा दरिया सिंह, 10. जसमेर सिंह, 11. अजमेर सिंह, 12. सतबीर सिंह पुत्रगण दरिया सिंह, 13. श्रीमति सुषमा, 14. श्रीमति राजकुमारी, 15. श्रीमति कृष्णा देवी, 16. श्रीमति सन्तोष, 17. श्रीमति अमरकौर, 18. श्रीमति सोनू देवी, 19. श्रीमति ज्योति पुत्रीयान श्री दरिया सिंह पुत्र रति राम, 20. श्रीमति जीतकौर विधवा सुरेन्द्र, 21. अंकित, 22. योगेश पुत्रान सुरेन्द्र, 23. सोनम पुत्री सुरेन्द्र पुत्र पृथी सिंह, 24. विजयपाल, 25. सन्दीप पुत्रगण रमेश कुमार पुत्र पृथी, 26. मुकेश विधवा जगबीर, 27. अंकुश पुत्र जगबीर, 28. पूजा, 29. पायल पुत्रीयान जगबीर पुत्र पृथी, 30. भानमति विधवा रमेश कुमार पुत्र पृथी सभी निवासीगण गांव चमराड़ा तहसील इसराना जिला पानीपत। **प्रोफार्मा उतरवादीगण**

प्रार्थीगण बीर सिंह वगैरा ने अपने वकील के माध्यम से एक दरखास्त भूमि भूमि खेवट संख्या 90//65 खतौनी नं. 100 मुस्तिल नं. 44 किला नं. 11 (7-11), 14 (7-11), 17 (8-0), मुस्तिल नं. 45 किला नं. 19/2 (1-16), 20/2/1 (1-8), खतौनी नं. 101 मुस्तिल नं. 52 किला नं. 1 (7-7), मुस्तिल नं. 53 किला नं. 4 (7-7), 5 (7-7) खतौनी नं. 8 कुल रकबा 48 कनाल 7 मरले व खेवट नं. 91//66 खतौनी नं. 102 मुस्तिल नं. 44 किला नं. 16 (8-0), मुस्तिल नं. 45 किला नं. 20/2/2 (0-6), खतौनी नं. 103 मुस्तिल नं. 43 किला नं. 16(8-0), 24(8-0). 25 (8-0), मुस्तिल नं. 44 किला नं. 20 (8-0), 21 (8-0), किते 7 कुल रकबा 48 कनाल 6 मरले सेंटाना ग्राम चमराड़ा तहसील इसराना जिला पानीपत बरूये जमाबंदी 2019-2020 को उनके पक्ष में फकुल रहन ने इस शिखर सम्मेलन के बारे में बताया। उतरवादी नं. 1 आम जनता है। जिसका सही पता न लगने का कारण सामान्य है। नोटिस द्वारा तामिल नहीं करवाया जा सकता। अतः सम्बन्धित उतरवादी को इस नोटिस/ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे असालतन/वकालतन निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में दिनांक 03.06.25 को पेश होवे। इस इश्तहार के माध्यम से हिदायत की जाती है कि उतरवादी द्वारा निश्चित तारीख पेशी पर न्यायालय में पेश ना होने की सुरत में उनके विरूद्ध नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिंनाक 20.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व द्वारा जारी किया गया।
**उपमण्डल अधिकारी (ना०) एवं, कलैक्टर ईसराना।**

## खबर संक्षेप

### 12 को होगी लोक अदालत

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है।

### कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 पर एक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में अधिवक्ता प्रीति सहगल ने यौन उत्पीडन अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी दी। इसकी रोकथाम और निवारण के बारे में बताया साथ में यह भी बताया की ऐसे अपराध की कहां शिकायत करनी चाहिए।

### 15 जून से पहले नालों की हो सफाई

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मानसून को ध्यान में रखते हुए 15 जून से पहले-पहले सभी नालों व ड्रेनों की सफाई का कार्य होना सुनिश्चित होना चाहिए। इन कार्यों की वास्तविकता जांचने के लिए एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्रों में इसका जायजा लें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर आज अपने कार्यालय में ड्रेनों की सफाई व बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत सिंचाई विभाग द्वारा क्रियान्वित शॉर्ट टर्म परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों ड्रेनों की सफाई के निर्देश दिए।

### नशे पर अंकुश लगाना जरुरी

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है। हम सबका दायित्व बनता है कि जो भी नशे की गिरफ्त में है उसे नशे से बाहर निकालकर समाज की मुख्य धारा में जोडें। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ मुश्तैदी से कार्य करते हुए इस कार्य को करना है और लोगों का भी इसमें सहयोग लेना है। एडीसी मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित एनकोर्ड कमेटी की बैठक ले रहे थे। उन्होंने नशे पर अंकुश लगाने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की।

### किसानों को किया जागरुक

**अंबाला।** विकसित कृषि संकल्प अभियान को सफल बनाने हेतु गांव-गांव जाकर इस अभियान के बारे में जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा रही है। इसी कडी में केविके से डॉ. उपासना सिंह, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. विक्रम धीरेंद्र सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. रमेश कुमार एवं डॉ. राजन मिश्र ने गांव छोटी बस्सी, जंगू माजरा, छज्जनमाजरा, बड़ागढ़, मंगलौर, खेडक़ी मानकपुर, सैन माजरा, पतरेहड़ी, बुर्ज, तंदवाल, गणेशपुर, कड़ासन, कोडवा खुर्द एवं कोडवा कलां, संतोखी, रछेडी में जाकर किसानों को जागरुक किया।

# 29 साल का हुआ पुलिस डीएवी स्कूल, रंगारंग प्रस्तुतियों से छात्रों ने मचाया धमाल

## पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर बोले डीएवी स्कूल बड़ा प्रोजेक्ट बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल का मंगलवार को 29 वां स्थापना दिवस दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से धूम मचा दी। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने समारोह में मुख्यअतिथि की भूमिका निभाई। सबसे पहले स्कूल के बैगपाइपर बैंड द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के कर कमलों द्वारा विद्यालय में बनने वाले 265 किलो वाट सोलर सिस्टम का नींव पत्थर रखा गया। इसके पश्चात स्कूल ऑडिटोरियम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के विद्यार्थियों ने 'डांडिया द्वारा स्वागत ' गीत पर मनमोहक नृत्य के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। पुलिस महानिदेशक ने समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की। सभी को विद्यालय के फाउंडेशन डे पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि उन्हें यहां आकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट





बन गया है। उन्होंने डीएवी संस्था के योगदान को भी सराहा। उन्होंने डीएवी संस्था को हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वह इस स्कूल के बच्चों को ओलंपिक में भी देखना चाहते हैं। इसके लिए भी विद्यालय प्रयासरत है। उन्होंने दिखाए गए नाटक की बहुत प्रशंसा की क्योंकि इसमें एक सशक्त मैसेज दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गलत काम के लिए कभी भी कंपटीशन नहीं करना है। हमें नशे से नई पीढ़ी को दूर रखना है। हमें सोशल मीडिया की एडिक्शन से बच्चों को बचाना है।उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का स्वर्णिम काल है भविष्य निर्माण की तैयारी का समय है जीवन में शिक्षण का समय है ।अनुभव प्राप्त करने का शुभ अवसर है । विद्यार्थी का संसार परिवार और विद्यालय तक ही सीमित रहता है वह इस सीमित क्षेत्र में रहकर असीम ज्ञान प्राप्त करता है। अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन ने बच्चों की प्रस्तुति के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन चुनौतियों से भरा हुआ है इनका सामना प्रत्येक व्यक्ति को करना पड़ता है। हमारे विद्यार्थी भावी राष्ट्र के निर्माता बनेंगे विद्यार्थियों के ऊपर जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे अपने आप को अनुशासन में रखें और श्रेष्ठ नागरिक बनें।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है। शिक्षा ही संसार में हमें श्रेष्ठ बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर अपने देश की उन्नति के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रिटायर्ड डीजीपी बीएस संधू ने कहा कि जो पौधा 1996 में लगाया था वह एक विशाल वृक्ष बन गया है। उन्होंने अपनी कठिन मेहनत और दृढ़ निश्चय से स्कूल की स्थापना की थी। उन्होंने ही स्कूल की नींव रखी थी। उन्होंने बताया कि यह स्कूल 116 बच्चों और 10 शिक्षकों से शुरू किया गया था। प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली के भी योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्कूल की स्थापना दिवस पर हम अपनी स्कूल की यात्रा का जश्न मनाते हैं हम अपने संस्थापकों और स्कूल के विकास को याद करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने कार्यक्रम में आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। बताया कि पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षा खेलकूद अन्य गतिविधियों का सदा से ही सामंजस्य स्थापित किया जाता है। ताकि विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास किया जा सके।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हर कर्मचारी व अधिकारी को ईमानदारी से करना होगा काम

# जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के दृष्टिगत टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे एक बैठक का आयोजन किया गया। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला को टीबी मुक्त बनाने को लेकर संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहें कार्यो एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई।इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया भी मौजद रहे ।

नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम सिर्फ मुहिम ही नहीं बल्कि, समाज को सुरक्षित एवं स्वास्थ बनाने की दिशा मे एक निर्णाणक कदम है। टीबी मुक्त भारत 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभागों द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयास एवं कार्यों के साथ-साथ आमजन की सहभागिता व सहयोग का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम की उदेश्य की प्राप्ति के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए यह भी कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर लोगो को जागरूक किया जाएं और आम नागरिकों विशेषकर युवाओं को टीबी मुक्त भारत अभियान से जोडा जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को इसमे शामिल कर कार्यक्रम या अन्य माध्यमों से गांवों के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। उन्होंने जिला टीबी अधिकारी से टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर विभागों के साथ-साथ अन्य इस कार्य क्षेत्र मे क्रियान्वित सहयोगी संस्थाओं बारे जानकारी ली। आवश्यक जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित संस्थाओं के कार्यो की सराहना की और उन्हें इस सराहनीय कार्यों के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जिसमें रोटरी कल्ब, ओमकार सेवा वेलफेयर सोसायटी, इनर व्हिल क्लब संस्थाओं के साथ रेड क्रॉस सोसायटी शामिल है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा टीबी को जड से खत्म करने को लेकर अनेक योजनाए एवं अभियान चलाएं जा रहें है, उन्होंने आमजन से अपील की वे टीबी मुक्त भारत अभियान से जूडे और इस सराहनीय एवं नेक कार्य को करने मे अपनी अहम भूमिका अदा करें। जिला टीबी अधिकारी डॉ. सीमा ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित है जिसमे मुख्यतः निक्षय मित्र योजना, निक्षय पोषण योजना व सूचक प्रोत्साहन टीबी योजना जैसी शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजना का मुख्स उदेश्य टीबी मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी की बीमारी को जड से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसके टेस्ट व इलाज पूर्ण तौर से निशुल्क किए जा रहें है।

निक्षय मित्र योजना का उदेश्य टीबी रोगियो को आर्थिक और सामाजिक समर्थन प्रदान करना है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति इस योजना ने जूडकर स्वैच्छिक निक्षय मित्र बनकर रोगियों को पोषण किट, आर्थिक सहायता व अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान कर सकता है। निक्षय पोषण योजना- इस योजना द्वारा टीबी रोगियो को पोषण संबंधी समर्थन प्रदान करना है, जिसके तहत टीबी रोगियों को एक हजार रूपये प्रति माह दवाईयां व पोषण हेतु आर्थिक सहायता के रूप प्रदान की जाती है। सूचक प्रोत्साहन टीबी योजना का उदेश्य टीबी के मामलों की रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहित करना और टीबी नियंत्रण मे सुधार करना है।



अंबाला। टीबी बीमारी को लेकर चल रही योजनाओं की समीक्षा करते करते प्रशासनिक अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से मनोज कुमार, कुलदीप सिंह, विभिन्न संस्थाओं से दिनेश सेठी, सुनील अग्रवाल, संदीप चोपडा, नरेश भारद्वाज, मंजीत, सीमा बींबरा के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# डॉ. साहू किशोर जैन सफर आदिमुनि एचीवमेंट अवार्ड 2025 से अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ज्योतिष, वास्तु एवं शिल्प जैसी विधाओं में विश्व विख्यात हस्ताक्षर डॉ. साहू किशोर जैन सफर को गत दिनों केरल के थिरूवल्ला में आदिमुनि योग केन्द्र द्वारा सारा योग संगमम के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. साहू किशोर जैन सफर को आदिमुनि एचीवमेंट अवार्ड 2025 से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके साहित्य, गीत संगीत, नाट्य लेखन एवं निर्देशन, वन्य एवं जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए दिया गया।



इस अवसर पर संस्था के प्रधान डॉ. सुनील बाबू के.सी. ने अपने संघ की ओर से डॉ. साहू को बधाई देते हुए कहा कि लाखों में से कोई एक व्यक्ति इतना प्रतिभाशाली होता है जितना कि डॉ. साहू। सभा में उपस्थित सभी ने डॉ. साहू को इस दिव्य प्रतिभा हेतू देश और दुनिया के लिए एक वरदान बताया। इसी क्रम में गत दिनों पंजाब के मालेरकोटला में दिव्य ज्योतिष मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में डा. साहू को रूहे-हिन्द काव्य ज्योतिष सम्राट की उपाधि से अलंकृत किया गया। यह उपाधि प्राप्त करने वाले व दुनिया के पहले विद्वान हैं। इसके साथ-साथ उन्हें संस्था द्वारा लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।

उनकी बहुआयामी प्रतिभा के कारण राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनके भीतर छिपी दिव्य काव्यात्मक शैली को सुनने, जानने एवं उनसे अपने कठिन प्रश्नों को सुलझाने तथा उनका तर्कसंगत समाधान ढूंढने वालों की संख्या आज लाखों में हो गई है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. एच.एस. रावत, मानवेन्द्र सिंह, भारत भूषण, राकेश बंसल चीमा, डॉ. डी.के. जैन संजीव अत्री, कृपा राम उपाध्याय, डा. कर्मजीत कौर केसरी, बलजिन्द्र मित्तल, मंजू शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, साराहा चौहान संस्था के प्रधान सौरव शर्मा, संस्था एडवाईजर रविन्द्र जैन, खुश्बू शर्मा सहित अनेक विद्वान उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित होगा डिवाइन किड्स समर कैंप

**अंबाला।** विशेष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम दयाल बाग की ओर से 8 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विशेष *डिवाइन किड्स समर कैंप* का आयोजन किया जा रहा है। ये समर कैंप 2 से 5 जून 2025 तक चलेगा। इसका समय सुबह 7:30 से 11:00 बजे तक रहेगा। ये बिल्कुल निशुल्क है। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने की सुविधा मिलेगी। इस कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके रोजमर्रा के कार्यों में सही निर्णय लेने में उनका मार्गदर्शन करना, उनमें छिपी कला को निखारना, स्वस्थ जीवनशैली द्वारा कैसे वो अपने आपको खुश रखें और अच्छा महसूस कराएं सिखाना। तनाव भरे माहौल में सदा रिलेक्स रहने के लिए जीवन में योग व मेडिटेशन का महत्व बताना है।



अंबाला। शिविर के दौरान भारत परिषद नगर शाखा के पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए।

## 262 स्कूली छात्रों में हुई खून की जांच, भारत परिषद नगर शाखा की ओर से आयोजित हुआ शिविर

**अंबाला।** भारत परिषद नगर शाखा ने प्रधान सीए नरेश मित्तल की अध्यक्षता में बच्चियों के लिए एनीमिया जांच शिविर अंबाला शहर के पुलिस लाइन स्थित सरकारी गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग से डिप्टी डीईओ अशोक कुमार और डिप्टी सीएमओ डॉ. नीलम कुशवाहा विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। परिषद के इस कार्यक्रम की संयोजक मीनाक्षी शर्मा और डॉ. अंजलि भारती रही। सचिव सीए रोहित गुप्ता ने बताया कि सीएमओ अंबाला और उनकी टीम ने डॉ. अदिति के नेतृत्व मे कुल 262 बच्चियों की खून की जांच की। उनको एनीमिया से रोकथाम के लिये जरुरी परामर्श देकर शिक्षित किया। परिषद से आरएन मित्तल, संजू मित्तल, पीके अग्रवाल ने भारत विकास परिषद की तरफ से सभी बच्चियों को गुड़ और चने का वितरण किया। स्कूल के प्रिंसिपल गुरिंदर सिंह और सारे स्टाफ ने भारत विकास परिषद और सिविल अस्पताल की टीम का इस सामाजिक कार्य के लिये धन्यवाद किया।

## छात्राओं के लिए बनाया गया पिंक टॉयलेट

**अंबाला।** रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने प्रधान रजनीश गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कालेज में रोटरी पिंक टॉयलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक टॉयलेट स्थापित किया। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन डॉ. अश्वनी भारद्वाज रहे। क्लब के डायरेक्टर सीए रोहित गुप्ता ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल डिस्टेंक्ट 3080 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजपाल सिंह के अथक प्रयासों से अंबाला शहर के कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में बच्चियों के लिए एक टॉयलेट के निर्माण मे रोटरी द्वारा सहयोग किया गया हैं। इस प्रोजेक्ट में सारा सेनेटरी का सामान जाक्वेर और टाइल्स कजारिया कंपनी ने उपलब्ध कराया हैं।

# खेतों में चारा लेने गई महिला की करंट लगने से मौत

- खेत मालिक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की मांग, पुलिस ने शव नागरिक असपताल में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर से सटे कलरहेड़ी गांव मंगलवार को खेतों में घास काटने गई महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पता चला है कि जहां महिला घास काट रही थी वहीं तार लगी थी जिसमें बिजली का करंट था। इसी दौरान महिला का हाथ तार से टच हो गया। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उधर घटना की खबर लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे भाजपा नेता राकेश मेहता ने खेत मालिक के खिलाफ हत्या व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की भी मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। भाजपा नेता राकेश मेहता ने रोषित ग्रामीणों के साथ अपनी बात रखी।

- ग्रामीणों ने किया हंगामा

मृतक के बेटे ने कहा कि उसकी मां रोजाना घास काटने जाया करती थी। जिसके बाद वह घर आकार हमें खाना खिलाती थी। मां की मौत की खबर सुनते ही वह बेहोश हो गया। इसके साथ ही अन्य लोगों ने बेटे को मुश्किल से संभाला।

गांव की ही एक महिला का कहना है कि नायब कौर को इंसाफ मिलना चाहिए क्योंकि उनके बच्चे भी हैं जिसमें लड़की की कुछ दिन बाद शादी होनी हैं। मौके पर पहुंचे पंजोखरा थाने के एसएचओ जय सिंह ने परिजनों को कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि जल्दी ही इसमें कानून के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। एसएचओ ने बताया कि सुबह दो महिलाएं खेतों में घास काटने गई थी जिसमें से एक महिला बिजली की तार की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर मौत हो गई। उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है।



अंबाला। खेतों में जमा भारी संख्या में ग्रामीण।

## सरकार ने कई सड़कों के निर्माण को दी हरी झंडी: विधायक

# मिट्ठापुर से समलेहड़ी तक जर्जर सड़को के निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मुलाना विधानसभा क्षेत्र की कई जर्जर सड़कों के नवीनीकरण कार्य को सरकार से स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही इन सड़कों पर मरम्मत व पुनर्निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। विधायक पूजा चौधरी ने ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के तहत मिठ्ठापुर मुख्य मार्ग से समलेहड़ी तक , ग्राम पंचायत फड़ौली की जीटी रोड से फड़ौली तक तथा फड़ौली से गांव खानपुर तक सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा ग्राम पंचायत हरडा-हरड़ी की मुख्य सड़क पर अधूरे पड़े निर्माण कार्य और अलावलपुर से मलिकपुर तक मुख्य सड़क के पैचवर्क के कार्य को हरी झंडी मिल चुकी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मार्केट कमेटी) के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़ियो से सिंबला तक, मुलाना से बुढ़ियो तक तथा मेहताबगढ़ से साहा तक की मुख्य सड़कों के नवीनीकरण के कार्य की भी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इन कार्यों के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की कई मुख्य सड़कें काफी समय से टूटी हुई हैं जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने सरकार के समक्ष क्षेत्र की अन्य टूटी हुई सड़कों के नवीनीकरण की भी मांग रखी थी। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि क्षेत्र की शेष सभी जर्जर सड़कों के नवीनीकरण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके।



बराड़ा। विधायक पूजा चौधरी।

## छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर पर पढ़ी भावपूर्ण कविताएं

**बराड़ा।** शैमफर्ड स्कूलके प्रांगण में मंगलवार को कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा के प्रति प्रेम, आत्मविश्वास तथा मंच पर प्रस्तुति कौशल को विकसित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, बचपन, उलझन, समय, गांधी जैसी प्रेरणादायक और भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कीं। सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में गुरसिरत पाहवा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि निर्जय गर्ग द्वितीय और द्विज दीप तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त पर्व दुहान, जन्नत अरोड़ा, सुक्रीत सैनी, वैदिक, सवितोज सिंह, अवनूर कौर और काम्या को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

# सांझी सभा में दया बनी स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष



**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में आज सांझी सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय व समुदाय के बीच सहयोग की सराहना की। सभा की शुरुआत में इतिहास के पीजीटी सुरेंद्र कुमार ने स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के दायित्वों एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी। सभा के दौरान सर्वसम्मति से नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। गठित समिति में दया को अध्यक्ष और प्रदीपो को उपाध्यक्ष चुना गया।

## धर्मवीर बने इनेलो के प्रवक्ता

**बराड़ा।** यहां के रहने वाले धर्मवीर को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी ने जिले का प्रवक्ता नियुक्त किया है। पार्टी के प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, वरिष्ठ नेता शीशपाल जंधेड़ी तथा जिला प्रधान जगमाल सिंह रोलों ने पीसी के जरिए इसकी जानकारी दी। धर्मवीर ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल हरियाणा की अपनी जमीनी पार्टी है। पार्टी द्वारा एक युवा कार्यकर्ता को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपना गर्व की बात है। उन्होंने पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी हित में कार्य करेंगे। धर्मवीर ने कहा कि वे इनेलो की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, लोगों को पार्टी से जोड़ने और आम जनता की समस्याओं को पार्टी मंच से सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।